भारतीय भाषा संस्थान
(शिक्षा मंत्रालय)
उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार,
मानसगंगोत्री, हुणसूर रोड, मैसूर-570006

संशोधित

मि.सं. CESCM/Recruitment/2022 दिनांक : 28.12.2022

Revised 06.01.23

शास्त्रीय मलयालम अध्ययन केन्द्र के लिए परियोजना कर्मियों की आवश्यकता

शास्त्रीय मलयालम अध्ययन केन्द्र (सीईएससीएम), मलयालम को शास्त्रीय दर्जा प्रदान किये जाने के बाद भारत सरकार की एक पहल है जिसको "संविदा के आधार" पर निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है।

सीईएससीएम, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा निर्धारित की गई विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर काम करेगा, जिसमें शास्त्रीय मलयालम का अनुसन्धान, प्रलेखन, प्रचार और शिक्षण शामिल होगा। यह भारत के राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों और विदेशों में व्यक्तियों, संस्थानों द्वारा किए गये ऐसे कार्यों का समन्वय भी करेगा और दुनिया के अन्य शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन से उन्हें जोड़ने के सूत्र भी प्रदान करेगा।

क्रम सं	पद का नाम	पदों की संख्या	मासिक एकमश्त परिलब्धियाँ / मानदेय
	शैक्षणिक पद		
1.	वरिष्ठ फेलो (शैक्षणिक)/एसआरपी	04	रु 41,000/-
2.	वरिष्ठ फेलो (तकनीकी) / एसआरपी *	01	रु 41,000/-
3.	एसोसिएट फ़ेलो (शैक्षणिक) जेआरपी-श्रेणी-I	09	रु 37,000/-
4.	एसोसिएट फ़ेलो (अनुवादक) जेआरपी-श्रेणी-I	01	रु 37,000/-
	प्रशासनिक पद		
5.	कार्यालय अधीक्षक/ सुपरवाइज़र (प्रशासन)	01	रु 37,800/-
6.	सहायक ग्रेड- I (लेखा/प्रशासन) यूडीसी	01	रु 27,200/-
7.	सहायक ग्रेड- II (लेखा/प्रशासन) एलडीसी	02	रु 21,200/-
8.	पुस्ताकालय सहायक	01	रु 27,200/-
9.	एमटीएस	01	रु 19,200/-

सीनियर फेलो /एसोसिएट फ़ेलो (शैक्षणिक) पद के लिए शर्तें:

1. शोध कार्य की अवधि 12 महीने (10+2) की है और इसे संस्थान के स्वेच्छानिर्णय पर बढाया भी जा सकता है।
2. विषयानुशासन / अनुसंधान का क्षेत्र : भाषा विज्ञान, साहित्य, पुरालेख, व्याकरण, अनुवाद, इतिहास, समाज शास्त्र, नृतत्व शास्त्र, पुरातत्व, पाण्डुलिपि विज्ञान, न्यूमिसमैटिक्स, शिक्षा, लोक साहित्य, संगीत, नृत्य, नाटक/रंगमंच आदि।
3. प्रत्येक विषय के लिए शोधकार्य की रूपरेखा के आधार पर ही आवेदन का चयन किया जाएगा।
4. लघु-सूची में चयनित उम्मीदोवारों को अंतिम साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
5. चयनित अभ्यर्थियों को शोध कार्य करने के लिए तुरंत तैयार रहना चाहिए।
6. प्रत्याशी एक से अधिक विषयों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें हर विषय के लिए अलग-अलग सिनाप्सिस प्रस्तुत करना होगा।
7. सिनाप्सिस और अन्य दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार के योग्य माना जाएगा।
8. चयनित उम्मीदवार संस्थान के नियमों और विनियमों द्वारा शासित होंगे और संस्थान की नीतियों और दिशा निर्देशों के अनुसार क्षतिपूर्ति को निष्पादित करना आवश्यक होगा।

एसोसिएट फ़ेलो (तकनीकी) पद के लिए शर्तें:

1. प्रत्याशी को वेबसाइट के निर्माण / रख-रखाव, डाटा अपलोडिंग, वेबसाइट से संबंधित समस्याओं के समाधान और अपने पद की सीमा के अंतर्गत आने वाले अन्य तकनीकी मुद्दों को हल करने में भी सक्षम होना चाहिए।
2. उसके पास संबंधित क्षेत्र में आवश्यक योग्यता और अनुभव होना चाहिए।
3. मलयालम पढ़ने, लिखने, उसमें संवाद करने और टाइपिंग आदि का भी ज्ञान होना चाहिए।
4. सक्षम पदाधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्यों के संचालन में स्वतंत्र रूप में सक्षम होना चाहिए।

अध्येताओं के कर्तव्य और जिम्मेदारियाँ : सीनियर फेलो और एसोसिएट फ़ेलो

1. प्रत्येक फेलो को अपने आवंटित विधा/ क्षेत्र में कार्य करना होगा।
2. सीनियर फेलो एवं एसोसिएट फ़ेलो को विशेषज्ञ समिति और परियोजना निदेशक के मार्गदर्शन में आवंटित क्षेत्र में काम करना होगा।
3. सीनियर फेलो एवं एसोसिएट फ़ेलो की प्रगति की जांच और उसका मूल्यांकन विशेषज्ञ/ परियोजना निदेशक के द्वारा किया जाएगा और संतोषजनक प्रगति होने पर मासिक मानदेय का भुगतान किया जाएगा।
4. सीनियर फेलो एवं एसोसिएट फ़ेलो को अपना शोध कार्य स्वतंत्र रूप से जारी रखना पड़ेगा और प्रगति का सत्यापन परियोजना निदेशक /विशेषज्ञ समिति द्वारा मासिक/तिमाही आधार पर किया जायेगा।
5. सीनियर फेलो एवं एसोसिएट फ़ेलो द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट परियोजना निदेशक को प्रस्तुत करनी होगी।
6. मासिक मानदेय का भुगतान परियोजना निदेशक के द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट की स्वीकृति के बाद ही किया जायेगा।
7. अध्येताओं की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा विशेषज्ञ समिति द्वारा की जायेगीं।
8. कुल परियोजना को 10+2 महीने के निर्धारित समय के भीतर पूरा करना होगा और अंतिम शोध-प्रबन्ध 12वें महीने के अंत में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
9. मलयालम से अंग्रेजी अथवा हिंदी में अनुवाद करने में सक्षम होना चाहिए।

नियम एवं शर्तें :

1. शास्त्रीय मलयालम अध्ययन केन्द्र (सीईएससीएम) भारत सरकार की एक पहल है जिसके लिए संविदा के आधार पर पदों को भरने की आवश्यकता है।
2. सीईएससीएम के प्रोजेक्ट स्टाफ़ के नियुक्ति प्राधिकारी निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान हैं, जिनके पास पदधारी की सेवा असंतोषजनक पाये जाने पर, या पदधारी को कदाचार या धन के दुरुपयोग में शामिल पाया जाता है, तो उसे हटाने का अधिकार भी है।
3. सीनियर फेलो (तकनीकी) का कार्यस्थान भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु होगा।

4. प्रशासनिक कर्मचारियों का कार्यकाल प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और सालाना प्रदर्शन और समीक्षा के आधार पर इसे और बढाया जा सकता है।
5. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन शोध की रूप-रेखा और संलग्नकों के साथ ऑनलाइन आवेदन पोर्टल https://apply.ciil.org पर जमा करा सकते हैं।
6. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस अधिसूचना के सीआईआईएल के वेबसाइट पर प्रकाशन की तारीख से 21 दिन के भीतर मानी जायेगी।
7. नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. संस्थान के पास आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और संस्थान का निर्णय अंतिम माना जायेगा।
9. संस्थान के पास पदों की संख्या बढाने/घटाने और असाधारण रूप से योग्य उम्मीदवारों के मामले में पात्रता के मानदंडों में छूट देने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अपूर्ण आवेदनों और नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
11. जो सेवा मे हैं उन्हें अपने आवेदन अपने नियोक्ता के माध्यम से अग्रेषित करना चाहिए और वे एक अग्रिम प्रति भेज सकते हैं ताकि वह नियत तारीख के भीतर अधोहस्ताक्षरी तक पहुँच जाये।
12. साक्षात्कार में भाग लेने लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
13. आवेदन https://apply.ciil.org पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल पर ही जमा कराये जा सकते हैं।
14. किसी भी प्रत्याशी के चयन या अन्यथा से संबन्धित किसी भी मामले में सक्षम पदाधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
15. जिन्होंने हमारे पूर्व अधिसूचना दिनांक 08.03.2022 के प्रत्युत्तर में आवेदन किया था उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

कार्य स्थल : शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पदों के लिए तुनछत एलुताचन मलयालम यूनिवर्सिटी कैम्पस, तिरुर-मल्लापुरम, केरल राज्य होगा।
सीनियर फेलो (तकनीकी) को सीआईआईएल, मैसूरु में पदस्थापित किया जाएगा ।

उपरोक्त सभी पदों के चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित करने के स्थान एवं तारीख के बारे में - लघु सूची में नामित उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।

शास्त्रीय मलयालम अध्ययन केन्द्र में पदों के लिए विस्तृत अधिसूचना :

क्रम सं	पद का नाम	पदों कि संख्या	मासिक वेतन	आयु सीमा	शैक्षिक और आवश्यक योग्यता	वांछनीय
			शैक्षणिक पद			
1.	वरिष्ठ फ़ेलो (शैक्षणिक)	04	रु 41,000/-	60 साल से अधिक नहीं	**शैक्षिक योग्यता:** **मलयालम** (भाषा, साहित्य एवं संस्कृति) या **मलयालम** से संबंधित भाषाविज्ञान में डॉक्टोरेट की उपाधि साथ में मलयालम का ठोस कार्यसाधक ज्ञान। किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इन्हीं विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि।	**अनुभव:** 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान में अध्यापन एवं शोध कार्य का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव। 2. न्यूनतम् 10 प्रकाशन और मलयालम विशेषत: शास्त्रीय मलयालम में एवं 5 प्रपत्र प्रकाशित। 3.कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान

						4. फ़ील्ड वर्क का अनुभव
2.	वरिष्ठ फ़ेलो (तकनीकी)*	01	रु 41,000/-	40 साल से अधिक नहीं	**शैक्षिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साईंस या इलेट्रॉनिक्स में बी.टेक /एमटेक/एमसीए/ या समकक्ष डिग्री। **वांछनीय योग्यता:** 1.वेब डेवेलप्मेंट का अनुभव। 2. सीएमएस/डाटा प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव। 3.नेतृत्वकौशल और प्रदत्त कार्य से संबंधित निर्णय लेने की क्षमता।	**अनुभव:** 1. वेब डेवेलप्मेंट/डाटा प्रबंधन (वरीयतः पीएचपी/एम वाई एस क्यू एल/एचटीएमएल/सीएसएस/जावा स्क्रिप्ट स्टाक) 2. अंग्रेजी और हिंदी में संवाद करने में सक्षम हो। 3.मलयालम का कार्यसाधक ज्ञान।
3.	एसोसिएट फेलो (शैक्षणिक)	09	रु 37,000/-	55 वर्ष से अधिक नहीं	**शैक्षिक योग्यता:** मलयालम (भाषा, साहित्य एवं संस्कृति) या मलयालम से संबंधित भाषाविज्ञान में डॉक्टोरेट की उपाधि साथ में मलयालम का ठोस कार्यसाधक ज्ञान। किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इन्हीं विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि।	अनुभव 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान में अध्यापन एवं शोध कार्य का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव। 2. न्यूनतम् 5 प्रकाशन और मलयालम, विशेषतः शास्त्रीय मलयालम में 3 प्रपत्र प्रकाशित। 3.कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान 4. फ़ील्ड वर्क का अनुभव
4.	एसोसिएट फेलो (अनुवादक)	01	रु 37,000/-	55 वर्ष से अधिक नहीं	**शैक्षिक योग्यता:** 1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 55% अंकों के साथ अंग्रेजी/हिंदी/भाषा विज्ञान/मलयालम में स्नातकोत्तर की उपाधि। **वांछनीय योग्यता:** 1.अनुसंधान एवं अनुवाद में किंचित अनुभव। 2.कंप्यूटर का कार्य साधक ज्ञान (मलयालम/अंग्रेजी/हिंदी में त्वरित टंकण में सक्षम हो।)	**अनुभव:** 1. शैक्षणिक पाठ के मलयालम से अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद का कार्यसाधक ज्ञान। 2. अंग्रेजी/हिंदी में संवाद करने में अवश्य ही सक्षम हो।

प्रशासनिक पद						
5.	कार्यालय अधीक्षक /सुपरवाइज़र (प्रशासन)	01	रु 37,800/-	45 वर्ष से अधिक नहीं हालांकि सरकारी/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त/लोक उपक्रम आदि संस्थाओं से सेवा निवृत्त और इस पद हेतु विचार योग्य प्रत्याशियों के लिए आयु सीमा 62 वर्ष तक शिथिलनीय	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री। 2. केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्था में किसी जिम्मेवार पद पर कार्य करने का न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव जिसमें स्थापना और लेखा की विशेष जानकारी हो। 3.कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है।	1. केंद्र सरकार के नियमों की जानकारी को प्राथमिकता।
6.	सहायक ग्रेड- I (लेखा/प्रशासन) यूडीसी	01	रु 27,200/-	45 वर्ष से अधिक नहीं हालांकि सरकारी/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त/लोक उपक्रम आदि संस्थाओं से सेवा निवृत्त और इस पद हेतु विचार योग्य प्रत्याशियों के लिए आयु सीमा 62 वर्ष तक शिथिलनीय	1.किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री। 2.केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्था में किसी जिम्मेवार पद पर कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव जिसमें स्थापना और लेखा की विशेष जानकारी हो। 3.कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है।	1. केंद्र सरकार के नियमें की जानकारी को प्राथमिकता।
7.	सहायक ग्रेड- II (लेखा/प्रशासन) एलडीसी	02	रु 21,200/-	40 वर्ष से अधिक नहीं।	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी डिग्री। 2. अवर श्रेणी लिपिक/सहायक के रूप में लेखा/स्थापना में 2 वर्ष का अनुभव। 3. कम्प्यूटर पर अंग्रेजी और मलयालम में टाइपिंग में निपुणता। 4. कंप्यूटर पैकेज जैसे एमएसवर्ड, एक्सेल, स्प्रेड शीट आदि पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव।	समान श्रेणी में 1-2 वर्षों के अनुभव को प्राथमिकता।
8.	पुस्तकालय सहायक	01	रु 27,200/-	45 वर्ष से अधिक नहीं।	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी उपाधि। लाइब्रेरि विज्ञान को प्राथमिकता। 2. कम्प्यूटर पर अंग्रेजी और मलयालम में टाइपिंग में निपुणता। 3.कम्प्यूटर पैकेज जैसे एमएसवर्ड, एक्सेल, स्प्रेड शीट आदि पर काम करने का व्यवहारिक अनुभव।	समान क्षमता में कम से कम 2-3 वर्ष के अनुभव को प्राथमिकता।
9.	एमटीएस	01	रु 19,200/-	40 वर्ष से अधिक नहीं।	1.न्यूनतम पीयूसी उत्तीर्ण। 2.कंप्यूटर, प्रिन्टर का संचालन करने को प्राथमिकता।	

* नियम एवं शर्तें संख्या 3 देखें (कार्यस्थल-सीआईआईएल-मैसूरु-570006 होगा) ।